

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

28 फरवरी 2023

प्रिय साथियों,

मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि भारत की सबसे बड़ी जलविद्‌युत परियोजना अर्थात 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा निवेश की मंजूरी दे दी गई है। इस परियोजना की स्वीकृति के साथ भारत सरकार ने हम पर अत्यधिक भरोसा जताया है और अब यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए शुरूआत से ही अपनी पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करें। कार्यस्थल पर तत्काल काम शुरू करने की दिशा में एक प्रयास के रूप में विद्‌युत मंत्रालय द्वारा अनुमोदन की सूचना मिलने की तारीख अर्थात दिनांक 27.02.2023 को ही बुनियादी ढांचे के कार्यों से संबंधित लॉट-2 पैकेज का कार्य सौंप दिया गया है।

एनएचपीसी वित्तीय रूप से निरंतर एक मजबूत कंपनी बनी हुई है और यह हमारी बैलेंस शीट में भी परिलक्षित होता है। मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त नौ माह की अवधि में 3264 करोड़ रुपये का एकल कर पश्चात लाभ (पीएटी) दर्ज किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए एकल कर पश्चात लाभ (पीएटी) 2978 करोड़ रुपये की तुलना में 10% अधिक है। इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 1.40 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

मुझे गर्व है कि विभिन्न मोर्चों पर एनएचपीसी के प्रदर्शन को कई प्रतिष्ठित प्लेटफार्मों पर मान्यता मिली है।

एनएचपीसी ने दिनांक 16.02.2023 को नई दिल्ली में गवर्नेंस नाउ- नवें पीएसयू अवार्ड्स एंड कॉन्फ्रेंस में "यूज ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज डाटा सेंटर" पुरस्कार प्राप्त किया है। एनएचपीसी को यह पुरस्कार एक सुदृढ़ डिजिटल इंडिया और बाइब्रेंट डाटा सेंटर इकोसिस्टम के सृजन की दिशा में कंपनी के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है।

आपको यह जानकर भी खुशी होगी कि एनएचपीसी को दिनांक 10.02.2023 को कोलकाता में संपन्न विप्स (सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाएं) की 33वीं राष्ट्रीय बैठक में महानिदेशक, स्कोप के कर-कमलों से मिनी रत्न श्रेणी के लिए 'द्वितीय सर्वश्रेष्ठ एंटरप्राइज पुरस्कार' प्रदान किया गया है। वास्तव में हमें अपनी महिला कार्मिकों पर बहुत गर्व है, इनमें से कुछ हमारे संगठन में प्रमुख प्रभागों का नेतृत्व कर रही हैं।

दिनांक 06.02.2023 को सुबानसिरी लोअर जलविद्‌युत परियोजना के अपने दौरे के दौरान, मैंने अपने साथी निदेशक मंडल के साथ सुबानसिरी परियोजना की यूनिट #2 के रोटर (लगभग 674 टन और 11.45 मीटर व्यास) को सफलतापूर्वक नीचे किए जाने के समय उपस्थित रहा। सुबानसिरी जलविद्‌युत परियोजना में कार्यों की अच्छी प्रगति को देखकर वास्तव में मुझे प्रसन्नता हुई है। अन्य प्रमुख गतिविधियां जैसे

डायवर्जन टनल -2 को प्लग करना, 420 केवी जीआईएस उपकरण का निर्माण कार्य और यूनिट # 1 के मुख्य इनलेट वाल्व का अंतिम रूप से उत्थापन फरवरी 2023 के महीने के दौरान शुरू हो गया है।

दिनांक 06.02.2023 को अरुणाचल प्रदेश के दोलुंगमुख में 56वें बूरी-बूत यूलो फेस्टिवल-2023 समारोह में शामिल होना मेरे लिए एक उत्कृष्ट अनुभव था। इस त्यौहार ने मुझे राज्य के कई प्रमुख पदाधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों तक पहुंचने और सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने का एक आदर्श अवसर प्रदान किया।

मुझे डिब्रूगढ़ (असम) में आजीविका हस्तक्षेपों के विकासात्मक कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी देखने का भी अवसर मिला, जिसमें एनएचपीसी द्वारा सीएसआर के तहत अपने नेटवर्क भागीदारों के सहयोग से रेशम उत्पादन, हथकरघा और सुअर पालन क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य को प्रदर्शित किया गया था।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं :**

- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 24 फरवरी 2023 को निगम मुख्यालय परिसर में 'हिंदी कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया।
- अरुणाचल प्रदेश के दोलुंगमुख में 56वें बूरी-बूत यूलो फेस्टिवल-2023 के दौरान एनएचपीसी पवेलियन में एनएचपीसी की क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया ।
- श्री वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (कार्मिक) ने दिनांक 23.02.2023 को एनपीटीआई, फरीदाबाद में नवनियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं/वरिष्ठ लेखाकारों के लिए तथा दिनांक 27.02.2023 को सीबीआईपी, गुरुग्राम में प्रशिक्षु अभियंताओं/प्रशिक्षु अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयोजित किए जा रहे इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम के दूसरे बैच का उद्घाटन किया ।
- फरवरी 2023 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 364.06 करोड़ रुपए था और फरवरी 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7469.31 करोड़ रुपए था।
- फरवरी 2023 के अंत में सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 23609.2 था।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को हर्षोल्लास के पर्व होली की हार्दिक बधाई देता हूं।

आपका,

राजीव विश्नोई

**(आर.के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



## From CMD's Desk...

28th February 2023

Dear Colleagues,

I feel ecstatic to share that the investment approval for implementation of India largest hydropower Project i.e. 2880 MW Dibang Multipurpose Project has been accorded by the Government of India. With the approval of this Project, the Govt. of India has entrusted tremendous faith in us and now it is very important that we give our total commitment and dedication right from start to complete this ambitious project in time. In order to commence works immediately at site, LOT-2 package related to infrastructure works have been awarded on the same date of communication of approval by MOP i.e. 27.02.2023.

NHPC continues to be a financially robust company and this has been reflected in our balance sheet. I am delighted to inform that NHPC has registered a Standalone Profit after Tax (PAT) of Rs. 3264 crore for nine-months ended 31st December 2022 which is a 10% increase from Rs. 2978 crore standalone PAT for the same period of last year. Further, NHPC has declared an interim dividend of Rs 1.40 per share for the financial year 2022-23.

I am proud to that NHPC's performance on various fronts has received recognition at many prestigious platforms.

NHPC secured the "Use of Emerging Technologies Data Centre" Award at Governance Now- 9th PSU Awards & Conference at New Delhi on 16.02.2023. The award has been conferred to NHPC in recognition of its efforts towards building a strong Digital India and vibrant Data Center Ecosystem.

You will be also be happy to know that NHPC was conferred 'Second Best Enterprise award' for Mini Ratna Category from Director General, SCOPE at WIPS (Women in Public Sector) 33rd National meet at Kolkata on 10.02.2023. We are indeed very proud of our lady employees some of whom are heading key divisions in our organization.

During my visit to Subansiri HE Project on 06.02.2023, I witnessed the successful lowering of rotor (approx. 674 Tons and 11.45 meters diameter) of Unit#2 of the Subansiri Lower Project along with my fellow Board of Directors. It is indeed heartening to see good progress of works at Subansiri Lower Project. Other major activities such as plugging of Diversion Tunnel -2, erection

works of 420 kV GIS equipment and the final Erection of Main Inlet Valve of Unit#1 have started during the month of February 2023.

It was an excellent experience for me to be a part of 56th Boori-Boot Yullo Festival-2023 celebrations at Dollungmukh, Arunachal Pradesh on 06.02.2023. The festival had provided an ideal opportunity for reaching out and maintaining cordial relations with several key functionaries of the state as well as the local people.

I also had the opportunity to see an Exhibition of Developmental Works of Livelihood Interventions at Dibrugarh (Assam) which showcased the excellent work done by the NHPC in areas Sericulture, Handloom and Piggery in association with its network partners under CSR.

**Other highlights of the month are:**

- A 'Hindi Kavi Sammelan' under Azadi ka Amrit Mahotsav was organized at Corporate Office on 24th February 2023.
- NHPC's capabilities were showcased at the NHPC pavilion set up during 56th Boori-Boot Yullo Festival-2023 at Dollungmukh, Arunachal Pradesh.
- Shri Y.K. Chaubey, Director (Technical) / Director (Personnel) inaugurated the Induction Training Program 2nd batch for newly inducted Junior Engineers / Sr. Accountants at NPTI, Faridabad on 23.02.2023 and for Trainee Engineers/ Trainee Officers/Sr. Medical Officers at CBIP, Gurugram on 27.02.2023.
- The revenue collection during the month of February 2023 stood at Rs. 364.06 crores and the total cumulative revenue collection up to February 2023 was Rs. 7469.31 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 23609.2 MU at the end of February 2023.

I extend my heartiest greetings to you and your family members on the joyous occasion of Holi.

Sincerely Yours,

**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**